wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-29 सागवाड़ा, गुरुवार,23 सितम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## पाटीदार पेंशनर समाज का सप्तम वार्षिक महाधिवेशन हुआ

**सागवाड़ा।**

पाटीदार पेंशनर समाज जिला डूंगरपुर ने अपना सप्तम वार्षिक महाधिवेशन समाज के प्रथम आरएएस स्व. श्री धनेश्वरजी पाटीदार घांटा का गांव की 21वीं पुण्यतिथि पर मनाया। विद्यानगर पंचवटी में पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष भुवनेश चौबीसा के मुख्यातिथ्य तथा ट्रस्ट मण्डल के उपाध्यक्ष वेलचन्द पाटीदार सिलोही की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। समारोह के विशिष्ट अतिथि विद्यानगर चेअरमेन डायालाल पाटीदार विकासनगर, मैनेजिंग ट्रस्टी गोपाल भाई जसेला, ट्रस्ट मण्डल संरक्षक डूंगर भाई पाडवा, प्रगति मण्डल जिलाध्यक्ष शिवराम पाटीदार नादिया, युवा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष डॉ मनोज पाटीदार भेमई तथा खेल समिति के जिलाध्यक्ष हरीश चन्द्र अम्बाडा थे। आतिथियों ने समाज के पुरोधा स्व. धनेश्वरजी पाटीदार एवं केशवजी भाई की तस्वीर के सम्मुख दिप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष गोविंदराम पाटीदार विराट ने अतिथियों का स्वागत करते हुवे कहा कि पाटीदार समाज में 300 सेवानिवृत्त कर्मचारी है जो अपनी सेवाएं समाज को दे रहे हैं। समारोह में विद्यानगर के चेयरमैन डायालाल विकासनगर को कोटा में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में भारत के सर्वोच्च सदन लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवाओ के लिए सम्मानित करने पर शॉल एवं उपरणा ओढा कर पेंशनर समाज की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के 75 वर्ष से अधिक उम्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को जीवनलाल पाटीदार घांटा का गांव, गोविन्द पाटीदार दिवडा, लक्ष्मीशंकर पाटीदार चिखली ने सम्बोधित किया। विशिष्ट अतिथि डायालाल विकासनगर ने स्व. धनेश्वरजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज को दिये उनके योगदान को याद किया।

# रीट: अभ्यर्थियों को परेशानी न हो इसके लिए सौंपी जिम्मेदारी

* नगर पालिका सागवाड़ा में पालिकाध्यक्ष खोडनिया की मौजूदगी में कल होगी बैठक
* सागवाड़ा में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए भोजन, आवास और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी तय की

**सागवाड़ा।**

26 सितम्बर को आयोजित होने वाली रीट परीक्षा में आने वाले अभ्यर्थियों को को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो इसके लिए नगरपालिका और उपखंड प्रशासन ने कमर कस ली है। नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को कोई परेशानी न हो इसे लेकर प्रशासन की ओर से मिले निर्देश के अनुरूप तैयारियां शुरू कर दी है। शुक्रवार को सभी समाजों के अध्यक्षों की बैठक बुलाकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। इधर, एसडीएम राजीव द्विवेदी ने भी कर्मचारियों की विभिन्न व्यवस्था के तहत जिम्मेदारी सौंपी है। कंट्रोल रूम, यातायात प्रभारी, आवास और भोजन व्यवस्था को लेकर शिक्षक, पटवारी और सचिवों की ड्यूटी लगाई है। एसडीएम राजीव द्विवेदी ने बताया कि 24 से 27 सितंबर तक कंट्रोल रूम बनाया गया है जो सुबह 6 से शाम 6 बजे तक काम करेगा। एसडीएम द्विवेदी ने बताया कि सागवाड़ा उपखंड में 7618 अभ्यर्थी परीक्षा देने आएंगे। पूरे अपखंड में 32 सेंटर है जहां व्यवस्था की जा रही है। शहरी क्षेत्र में भोजन और आवास की व्यवस्था नगरपालिका को सौंपी है। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 14 सेंटर पर 4910 परीक्षार्थी आएंगे। उनके आवास और भोजन की जिम्मेदारी नगर पालिका को सौंपी गई है। शहर में आवास,भोजन और जलपान की व्यवस्था हेतु नगरपरिषद और सर्व समाज व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद द्वारा सभी सामुदायिक भवनों पर साफ़ सफाईकी जा रही है। रीट अभ्यार्थी 25 की शाम तक शहर में पहुंच जायेगे जिनके रात को सोने और खाने की व्यवस्था वही सुबह अल्पहार की व्यवस्था हेतु नगरपरिषद और कुछ समाज सहयोग करेंगे। इसके लिए शुक्रवार शाम 4 बजे सर्व समाज की बैठक बुलाई गई है।

### अन्य जिलों के 22 हजार 282 अभ्यर्थी डूंगरपुर परीक्षा देने आएंगे

राज्य सरकार की ओर से 26 सितम्बर को रीट परीक्षा होगी। जिले की बात करें तो डूंगरपुर के अभ्यर्थी प्रदेश के 32 जिलो में जाएंगे। करीब 24 हजार 748 अभ्यर्थी चूरू जिले को छोड़कर 32 जिलो में जाकर परीक्षा देंगे। इनमें 856 किलोमीटर दूर श्रीगंगानगर, बाड़मेर अलवर जिला भी आवंटित है। अन्य जिलों के 22 हजार 282 अभ्यर्थी डूंगरपुर आकर परीक्षा देंगे। इसके अलावा करीब 10 हजार स्थानीय परीक्षार्थी भी जिले में ही परीक्षा देंगे, जिसके लिए 177 परीक्षा केंद्र बनाये गए है।परीक्षार्थियों को संबंधित जिलों तक पहुंचना और वापस गृह जिलों तक लाना भी बड़ी चुनौती है। डूंगरपुर रोडवेज के बेड़े में सिर्फ 50 बसें है। यदि प्रति सवारी 80 की क्षमता आंकी जाए तो यह 4 हजार ही पहुंच पाती है। ऐसे में इतने अभ्यर्थियों को लाना और पहुंचाना बड़ी समस्या है। रोडवेज बसों में जगह नहीं मिलने की स्थिति में अभ्यर्थियों को प्राइवेट साधन का उपयोग करना पड़ेगा। एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान ने बताया की सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने के लिए 130 अतिरिक्त बसों व वाहनों की व्यवस्था की है।

### पेपर लीक एवं नकल में संलिप्त सरकारी कर्मी होगा बर्खास्त

**डूंगरपुर।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 2021 में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि रोडवेज की बसों के अलावा पर्याप्त संख्या में निजी बसों की व्यवस्था कर समस्त अभ्यर्थियों को नि:शुल्क यात्रा की सुविधा दी जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, डमी केन्डीडेट बैठाने एवं नकल कराने जैसे प्रकरणों में किसी भी सरकारी अधिकारी-कर्मचारी की संलिप्तता पाए जाने पर उसे सेवा से बर्खास्त किया जाए। साथ ही, किसी निजी स्कूल के कार्मिक अथवा स्कूल से जुड़े व्यक्ति की संलिप्तता पाई गई तो संबंधित स्कूल की मान्यता स्थायी रूप से समाप्त कर दी जाएं।

### सभी कार्मिक निरीक्षक, उपनिरीक्षक 27 सितम्बर तक बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर रीट परीक्षा के सफल आयोजन के आवागमन की सुचारू व्यवस्थाओं को बनाये रखने के संबंध में परिवहन विभाग द्वारा आदेश जारी कर बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश प्रदान किये गये है। जिला परिवहन अधिकारी एन एन शाह ने बताया कि जिले में परीक्षा के सफल आयोजन तथा यातायात की सुगम व्यवस्था के लिए कार्यालय की कार्मिकों की ड्यूटी लगाई जाकर निर्देशित किया गया है कि वे 25 व 26 सितम्बर को आवंटित स्थल पर उपस्थित रहकर समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्य करें व परीक्षा केन्द्रों से परीक्षार्थियों के आने एवं जाने के लिए आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी कार्मिकए निरीक्षकए उपनिरीक्षक 27 सितम्बर तक जिला कलक्टर की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोडेंगे।

## पाटीदार समाज परीक्षार्थियों के साथ उनके अभिभावकों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था करेगा

**सागवाड़ा।** गुजराती लेउवा पाटीदार समाज ने परीक्षा के लिए एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पाटीदार समाज द्वारा संचालित विद्यानगर पंचवटी सागवाड़ा में तीन सेंटर स्थापित किये हैं जिसमें राज्य के अलग अलग जिलों से 1476 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। चेयरमेन डायालाल विकासनगर, मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल भाई जसेला, ट्रस्ट मण्डल अध्यक्ष प्रेमजी भाई करियाणा ने बताया कि विद्यानगर में पाटीदार समाज की तरफ से जिले के सबसे बड़े रीट परीक्षा सेन्टर में सम्मिलित होने आ रहे परीक्षार्थियों के साथ उनके अभिभावकों के लिए नि:शुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जा रही है। पाटीदार समाज हमेशा सर्वसमाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। महामारी कोविड 19 में भी पाटीदार समाज की सेवाएं यादगार रही थी। पाटीदार समाज द्वारा इस सेवा कार्य के लिए विद्यानगर सचिव देवीलाल नंदोड़, शिवलाल वांदरवेड, रविशंकर घाटा, शिवराम नादिया, अरविंद नयागांव, गोविन्द विराट, हरिविठ्ठल सिलोही,डॉ. मनोज भेमई, डॉ. हितेश वृद्धावन, हरीश चन्द्र अम्बाडा तथा महेश कुमार जसेला, प्रभुलाल सिलोही सहयोग कर रहे हैं।

## पुनर्वास कॉलोनी में जुआ सट्टा खेलते 10 को पकड़ा, दो लाख से अधिक केश बरामद

### डूंगरपुर पुलिस की जिला विशेष टीमकी कार्रवाई

**सागवाड़ा।**



डूंगरपुर पुलिस की जिला विशेष टीम ने गुरुवार शाम सागवाड़ा थाना क्षेत्र के पुनर्वास कॉलोनी में एक घर में छापा मारकर जुआ सट्टा खेलते 10 जनों को पकड़ा है। टीम ने दो लाख 14 हजार 100 रुपये बरामद किए है।

मुखबिर की सूचना पर पुनर्वास कॉलोनी सी ब्लॉक में देर शाम खुले भूखंड पर छापा मारा। टीम ने बांसवाड़ा नई आबादी निवासी रवि पुत्र गुलाब, चेतक कंपलेक्स बांसवाड़ा निवासी विक्रम पुत्र अरविंद त्रिवेदी, मकरानी वाडा निवासी वाहिद मोहम्मद पुत्र जाहिद मोहम्मद, एजाज मोहम्मद पुत्र अहद मोहम्मद, सूरजपोल मकरानी वाडा निवासी आसिफ मोहम्मद पुत्र अजीत मोहम्मद, पुनर्वास कॉलोनी निवासी गोविंद कुमार पुत्र ओंकार कलाल, बांसवाड़ा निवासी राजेश पुत्र लक्ष्मण भोई, सूरजपोल मकरानी वाडा निवासी रहमतुल्लाह पुत्र नूर मोहम्मद, दिनेश चंद्र पुत्र शंकरलाल भोई एवं इंदिरा कॉलोनी सागवाड़ा निवासी अफजल मोहम्मद पुत्र फारूक मोहम्मद को पकड़ा। जिला पुलिस की विशेष टीम की ओर से की गई कार्रवाई से क्षेत्रवासी सन्न है। कालोनी में सट्टा किंग रहता है लेकिन पुलिस उसपर हाथ नही डाल पा रही थी। स्थानीय पुलिस जुआ सट्टा को नजरअंदाज करती रही इसी कारण जिले की विशेष टीम को कार्रवाई करनी पड़ी।

## मुनि अनुकरण सागर जी के 32 उपवास का पारणा सम्पन्न

**सागवाड़ा।**

नगर में चातुर्मास कर रहे प्रखर वक्ता आचार्य अनुभव सागर जी महाराज के सानिध्य मे संघस्थ मुनि अनुकरण सागर महाराज के सोलह कारण पर्व के 32 उपवास का पारणा हुआ ।

समाज के प्रतिष्ठाचार्य विनोद पगारिया ने बताया कि इस अवसर पर बुधवार प्रात: श्रावकों द्वारा दिगम्बर जैन बोर्डिंग परिसर मे मुनि को आहार चर्या हेतु पडगाहन विधि की गई जहा वैभव पवन कुमार गोवाडिया के चौके मे मुनि अनुकरण सागर जी को विधि मिलने पर पहगाहन पूर्ण हुआ जहा आचार्य अनुभव सागर जी के सानिध्य मे मुनि अनुकरण सागरजी को पवन कुमार गोवाडिया के आवास पर नवधा भक्ति पूर्वक श्रद्धालुओं द्वारा जल ग्रहण करा कर आहार कराया गया। आहार के पश्चात् आरती उतारी गयी एवम बैण्ड बाजों के साथ मुनि को जैन बोर्डिंग लाया गया इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया,अश्विन बोबडा, हिरेन खोडनिया, शरद बोबडा, डॉ विपिन शाह, नलिनी गोवाडिया,दीया गोवाडिया, उषा खोडनिया, पूजा पगारिया, आनल शाह, महिपाल जैन, भावेश जैन उपस्थित थे।

### सागवाड़ा पंचायत समिति में तीन वार्ड पंच निर्विरोध चुने गये

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा पंचायत समिति के तीन ग्राम पंचायतो में वार्ड पंच के उपचुनाव सम्पन्न हुये। तीनो पंचायतो में वार्ड पंच निर्विरोध चुने गये। सागवाडा पंचायत समिति के ग्राम पंचायत कोकापुर , भीलूड़ा व सरोदा ग्राम पंचायत में वार्ड पंच के पद रिक्त हुये थे ।

जिसके उपचुनाव होने थे । तीनो ग्राम पंचायतो के वार्डो में आज नामंकन वापसी का अंतिम दिन था। हर वार्ड में एक ही नामांकन रहा जिससे कोकापुर के वार्ड 1 से हितेश डोडियार भीलूड़ा के वार्ड 12 से कुन्दन भारती ओर सरोदा के वार्ड 1 हाजू देवी निर्विरोध वार्ड पंच चुने गये।

## विद्यानगर पंचवटी में सांसद मद से निर्मित भवन का किया लोकार्पण

**सागवाड़ा।**



श्री गुजराती लेउवा पाटीदार समाज ट्रस्ट मण्डल द्वारा विद्यानगर पंचवटी सागवाड़ा में राज्य सभा सांसद कुंवर हर्षवर्धन सिंह के मुख्यातिथ्य में भवन लोकार्पण एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया। अध्यक्षता ट्रस्ट मण्डल के उपाध्यक्ष वेलचन्द पाटीदार सिलोही ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि विद्यानगर चेयरमेन डायालाल पाटीदार विकासनगर, ट्रस्ट मण्डल संरक्षक डूंगर भाई पाडवा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट हरीश पाटीदार एवं प्रगति मण्डल जिलाध्यक्ष शिवराम पाटीदार नादिया थे। स्वागत शिक्षा संकुल के मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल भाई पाटीदार जसेला ने किया। सांसद मद से 30 लाख की लागत से निर्मित भवन का राज्यसभा सांसद कुंवर हर्षवर्धन सिंह ने लोकार्पण किया अरविन्द पाटीदार नयागांव, हरिविठ्ठल सिलोही, डॉ.हितेश पाटीदार , महेश जसेला ने सांसद को साफा पहनाकर ओर प्रतिक चिन्ह भेटकर नागरिक अभिनंदन किया। इसके उपरांत सांसद ने सत्र 2016 एवं उसके बाद के एक लाख एवं उससे अधिक का अंशदान देने वाले समाज के 219 भामाशाहों को उपरणा ओढाकर प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि चेअरमेन डायालाल विकासनगर ने विद्यानगर के क्रियाकलाप लक्ष्य और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि कुँवर हर्षवर्धनसिंह ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण के साथ साथ स्पोर्ट्स भी होने चाहिये। बच्चो में मोबाइल की बढ़ती आदत के कारण उनका पुस्तकों से दूर होने की चिंता व्यक्त की। सांसद ने विद्यानगर की स्वच्छता, अनुशासन, वृक्षारोपण तथा व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुवें उन्होंने कहा कि जब भी सागवाड़ा आना होता है विद्यानगर आने की इच्छा होती है। सांसद ने पाटीदार समाज द्वारा कोविड-19 में दिये गए योगदान की भी तारीफ की। सांसद ने कहा कि मेने वागड़ की सेवा की है और हरदम करता रहूंगा। समारोह का संचालन विद्यानगर सचिव देवीलाल पाटीदार नंदोड़ तथा हरिशचन्द्र पाटीदार अम्बाडा ने किया। आभार वासुदेव पाटीदार पाड़वा ने व्यक्त किया। समारोह में गोविन्द दिवडा छोटा, कचरु सिलोही, डायालाल झरियाणा, रविशंकर घाटा का गांव, गणेश पादरा, डॉ. मनोज भेमई, केशवलाल अम्बाडा, गौतमलाल झलाप, जीवण भाई आरा, मोहनलाल सेमलिया, गौरीशंकर सिलोही, वेलचन्द सागवाड़ा, शिवलाल वांदरवेड, हरिप्रसाद करावाड़ा, प्रभुलाल सिलोही उपस्थित थे।

## 12 लाख से अधिक कैश के साथ एक शिक्षक हिरासत में

### पीठ कस्बे के एक कॉम्प्लेक्स से लिया हिरासत में

**सीमलवाड़ा।** धंबोला पुलिस ने गुरूवार शाम को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुरुवार शाम को 12 लाख से अधिक कैश के साथ एक शिक्षक को हिरासत लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीठ कस्बे के एक कॉम्प्लेक्स से शिक्षक को हिरासत में लिया है। सीमलवाड़ा डिप्टी रामेश्वरलाल चौहान ने शिक्षक को हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार रीट परीक्षा में सेटिंग के नाम से राशि लिए जाने की बात मिल रही है। हालांकि अभी इस बात की पुष्टि नही हुई है। पुलिस ने बताया कि सरकारी शिक्षक कॉम्प्लेक्स में किराए के कमरे में रहता है। राउप्रावि डूंका में कार्यरत है शिक्षक भंवरलाल जाट। कॉम्प्लेक्स में एक निजी कॉलेज भी है संचालित। कॉलेज में रीट का है परीक्षा केंद्र। धंबोला थाने में शिक्षक से पूछताछ की जा रही है। हालांकि पुलिस कोई जानकारी नही दे रही। बाड़मेर जिले का निवासी है सरकारी शिक्षक भंवरलाल जाट। शिक्षक के पास पुलिस को रीट परीक्षा से जुड़े दस्तावेज मिले है। शिक्षक के पास 10वीं की 8 वीं की ओरिजनल मार्कशीट भी मिली है। परीक्षा सेंटर वाले कॉम्प्लेक्स में ही रहता है शिक्षक भंवरलाल।

## संविदा पर लगे सीएचओ को पांच माह से नहीं मिला वेतन

**सीमलवाड़ा।**

संविदा पर लगे सीएचओ को पांच माह से वेतननही मिला है। चौरासी विधानसभा क्षेत्र में लगे 175 संविदा पर सीएचओ को वेतन नहीं मिलने पर चौरासी विधायक राजकुमार रोत को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि जबसे लगे तबसे वेतन नहीं मिला है, जबकि अन्य जिलों में वेतन मिल चुका है। अब सीएचओ को कार्यमुक्त कर सीएचओ ब्रिज कोर्स प्रशिक्षण के लिए बाहरी जिलों में भेजा जा रहा है। ऐसे में आर्थिक संकट पैदा हो गया है। जल्द से जल्द वेतन जारी कराने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपते समय जन्मेजय डामोर, कमलेश अहारी, राहुल लबाना, वेणीराम पाटीदार, महेश पारगी समेत मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जल्द प्रदेश की जनता के बीच सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ सकते हैं

**जयपुर।**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जल्द प्रदेश की जनता के बीच सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ सकते हैं। मिशन 20023 के तहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का प्रदेशव्यापी दौरे का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है।

सीएम अक्टूबर के पहले सप्ताह से सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आएंगे। विधायकों और जिला स्तर पर नेताओं की मांग के अनुरूप अलग-अलग विधानसभा जिला और संभाग स्तर पर सीएम की जनसभाओं और सरकारी कार्यक्रमों की आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हालांकि अभी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इस कार्यक्रम को लेकर अधिकारी जानकारी जारी नहीं की गई है लेकिन माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की टीम पीसीसी पदाधिकारियों और ब्यूरोक्रेसी को दौरे को अंतिम रूप देने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। संभावना इस बात की भी है कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दिल्ली जा सकते हैं। उनके दिल्ली दौरे पर जाने के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार राजनीतिक नियुक्तियों पर मोहर लग जाएगी। ऐसे में मुख्यमंत्री जब प्रदेश की जनता के बीच दौरे पर निकलेंगे तब संभव है उनके साथ मंत्रिमंडल का नया चेहरा और राजनीति की नीतियों में शामिल नेताओं की भी मौजूदगी इस दौरे को कामयाब बनाने में जुटेगी।

## खेतों में गिरा था 11 केवी बिजली का तार, चारा लेने जा रही महिला के पैर छूते ही करंट के झटके से मौत, बचाने गई 2 देवरानी को करंट लगते ही भागी और लोगों को बुलाया, छापी गांव की घटना

**डूंगरपुर।** मवेशियों के लिए चारा लेने जा रही एक महिला खेतों में गिरे 11 केवी बिजली के तार के चपेट में आ गई और महिला की मौके पर ही मौत गई। महिला के साथ ही चारा लेने जा रही उसकी 2 देवरानियां बचाने गई तो उन्हें भी करंट का झटका लगा तो वे भाग गई और लोगों को बुलाया। घटना को लेकर एकत्रित लोगों ने बिजली निगम की लापरवाही पर जमकर आक्रोश जताया।

दरअसल बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के छापी गांव निवासी गंगा पटेल (45 वर्ष) उसकी देवरानी कड़गी पटेल व कंकू पटेल के साथ गुरुवार सुबह खेतों में मवेशियों के लिए चारा लेने जा रही थी। इस दौरान खेतों में फसल के बीच ही 11केवी बिजली लाइन का तार टूटकर नीचे गिरा हुआ था जो महिलाओं को दिखाई नहीं दिया।

आगे चल रही गंगा के पैरों में बिजली का तार आते ही करंट का जोर का झटका लगा और गंगा मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। वहीं उसके साथ आ रही देवरानी कगड़ी व कंकू पटेल ने उसे बचाने के प्रयास किए लेकिन उन्हें भी करंट का झटका लगा तो वे दूर भाग गई और आवाज लगाई।

इसके बाद आसपास खेतो में काम कर रहे दूसरे लोग दौड़कर आ गए। छापी पावर हाउस पर फोन कर बिजली लाइन को बंद करवाया, लेकिन तब तक गंगा की मौत हो गई थी। घटना के बाद बड़ी संख्या में गांव के लोग एकत्रित हो गए ओर जमकर आक्रोश जताया। घटना की सूचना पर बिछीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पंहुची और घटना की जानकारी ली।

### लापरवाही- नहीं पंहुचे बिजली निगम के अधिकारी, लोगों में आक्रोश, पहले भी टूट चुके है तार

खेतों में बिजली का तार टूटकर गिरने से महिला की मौत पर लोगों में जमकर आक्रोश है। पूर्व सरपंच मगन गमेती ने बताया की बिजली निगम के अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पंहुचा। ऐसे में लोगों का आक्रोश बढ़ गया। ग्रामीण बिजली निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर पड़े है और अधिकारियों के नही आने तक शव को मौके से नहीं उठाने पर भी अड़े हुए है। लोगों ने बताया कि एक महीने पहले भी बिजली का तार टूटा था, लेकिन बिजली निगम के कर्मचारियों ने इस टार को बदलने की जगह जॉइंट लगाकर खानापूर्ति कर दी थी, जिस कारण बिजली का तार उसी जगह से टूट गया और महिला उसकी चपेट में आ गई।